g) KTM AG group, one of the customers of the Group, filed for insolvency and the Court admitted restructuring with self-administration in Austria. Considering these developments, the Group recognised a provision for expected credit loss of trade receivables of KTM AG Group amounting to Rs. 30.62 million in the quarter and year ended March 31, 2025.

6 During the year ended March 31, 2024, the Company issued 25,000 number of listed Non-Convertible Debentures ('NCD') of face value of Rs. 1,00,000 each aggregating to Rs. 2,500 million on a private placement basis. The NCDs were originally repayable in 16 equal quarterly instalments beginning from December 07, 2024. During the current quarter, the Company exercised its call option available under the debenture trust deed on February 13, 2025 and repaid the NCDs in full on March 07, 2026.

7 Additional information on Standalone Financial Results is as follows:

(Rs. in Million)

Particulars	Quarter ended			Year ended	
	March 31, 2026 (Audited)	December 31, 2025 (Unaudited)	March 31, 2025 (Audited)	March 31, 2026 (Audited)	March 31, 2025 (Audited)
Securities Premium Account	13,340.72	13,340.72	13,340.72	13,340.72	13,340.72
Net worth	20,651.41	19,593.70	17,877.44	20,651.41	17,877.44
Paid up Debt Capital/ Outstanding Debt	5,772.00	6,356.61	8,557.14	5,772.00	8,557.14
Capital Redemption Reserve	-	-	-	-	-
Debenture Redemption Reserve	-	-	-	-	-
Debt Equity Ratio (No. of times)	0.28	0.32	0.48	0.28	0.48
Debt Service Coverage Ratio (No. of times)	3.62	3.55	2.21	3.00	1.79
Interest Service Coverage Ratio (No. of times)	7.83	8.01	6.17	7.11	4.90

8 The above is an extract of the detailed format of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2025, filed with the Stock Exchange under Regulation 30, 33, 47 and 52 and other applicable Regulations of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended. The full format of Standalone including disclosures under Regulation 52(4) and Consolidated Audited Financial Results are available on the Stock Exchange Websites, i.e www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website i.e. www.varroc.com.

For and on behalf of
Varroc Engineering Limited
sd/-
Tarang Jain
Chairman and Managing Director
DIN : 00027505

Date : May 27, 2026
Place : Pune

दिल्ली पुलिस और एनआईईएलआईटी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा की उपस्थिति में, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) के बीच दिल्ली पुलिस कर्मियों के लिए विशेष साइबर पाठ्यक्रम आयोजित करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रशिक्षण के लिए विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) संजय कुमार और एनआईईएलआईटी के कुलपति डॉ. मदन मोहन त्रिपाठी शामिल थे।नई प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण की व्यवस्था होने के साथ-साथ, यह पहल दिल्ली पुलिस को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक निवेश भी है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन

कार्यरत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्था, एनआईईएलआईटी ने इलेक्ट्रॉनिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा और डिजिटल कौशल विकास के क्षेत्रों में स्वयं को एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित किया है।

इस एमओयू के माध्यम से, दिल्ली पुलिस का उद्देश्य अपने कर्मियों की पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनआईईएलआईटी की विशेषज्ञता और संस्थागत शक्ति का लाभ उठाना है। यह सहयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, साइबर फोरेंसिक, सोशल मीडिया निगरानी, विश्लेषण एवं धारणा प्रबंधन और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष और संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की परिकल्पना करता है। ये कार्यक्रम हमारे अधिकारियों और कर्मियों को नवीनतम तकनीकी विकास से अवगत रहने में मदद करेंगे, और उन्हें प्रौद्योगिकी-आधारित अपराधों की प्रभावी ढंग से जांच करने तथा उन्हें रोकने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करेंगे। आज पुलिसिंग में तेज़ी से बदलाव आ रहा है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, एक्रिप्टेड संचार और उभरती हुई तकनीकों के बढ़ते इस्तेमाल के साथ अपराध का स्वरूप काफ़ी बदल गया है। साइबर अपराध, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, गलत सूचना फैलाने के अभियान, पहचान की चोरी और डिजिटल शोषण कानून लागू करने वाली एजेंसियों के सामने नई और जटिल चुनौतियाँ पेश करते हैं।

नोएडा अंतर्राट्रीय हवाई अड्डा : कलाकार परेश मैती की बेजोड़ कला ने भारत की भावना पिरोई

नई दिल्ली , (वीअ)। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहली झलक में कांच और स्टील से बना प्रौद्योगिकी आधारित एक अत्याधुनिक परिसर प्रतीत होता है। हालांकि, जब आप हवाई अड्डा परिसर में दाखिल होते हैं, तो इसकी एक अलग छवि उभरकर सामने आती है, जो प्रख्यात कलाकार परेश मैती की जीवंत कलाकृतियों के जरिये भारत और उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति एवं भावना को प्रदर्शित करती है। नोएडा हवाई अड्डे पर 15 जून को यात्री उड़ानों का परिचालन शुरू होने से पहले परिसर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मैती की दो भव्य कलाकृतियां हवाई अड्डे के आलीशान टर्मिनल को सांस्कृतिक रूप से जीवंत बनाती हैं। हवाई अड्डे में चेक-इन करते ही यात्रियों की नजर जागृति पर पड़ेगी, जो भारत के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थलों को एक जीवंत दृश्य कथा के रूप में पेश करने वाली मैती की 8 फुट लंबी और 100 फुट चौड़ी एक्रिलिक-ऑन-कैनवास कलाकृति है।

आपस में जुड़े छह पैनल पर उकेरी गई इस कलाकृति में गंगा, यमुना, सरस्वती और सरयू जैसी पवित्र नदियों तथा सदियों से उनके किनारों पर फले-फूले तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक शहरों को दर्शाया गया है। कलाकृति की शुरुआत में वाराणसी के जीवंत घाट दिखाए गए हैं, जो गंगा के किनारे बहने वाली श्रद्धा और भक्ति की अविरल धारा का प्रतीक हैं। इसके बाद सारनाथ के धमेक स्तूप का चित्र नजर आता है, जहां गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। इस स्थान को बुद्ध की आध्यात्मिक जागृति का केंद्र माना जाता है।

कलाकृति में आगरा में यमुना नदी के किनारे बने ताज महल का सूर्योदय के समय का जगमगाता दृश्य भी उकेरा गया है। इसमें मथुरा और वृंदावन में भगवान कृष्ण से जुड़े कुसुम सरोवर के शीतल जल और सरयू नदी के तट पर बसी राम की जन्मभूमि अयोध्या के दृश्यों को भी दर्शाया गया है। कलाकृति के अंत में महाकुंभ का दृश्य उकेरा गया है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ जमावड़ा माना जाता है।

मैती ने पीटीआई-भाषा से कहा, "कलाकृति की अवधारणा तैयार करने से लेकर इसे कैनवास पर उतारने तक की प्रक्रिया में दो साल का समय लग गया। चूंकि, यह हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश में है, इसलिए उस राज्य पर केंद्रित कलाकृति बनाने का इरादा था। यह कलाकृति भारतीय दर्शन और सौंदर्यशास्त्र में गहराई से निहित है और षडांग (छह अंगों) पर आधारित है।

गैंगस्टर हाशिम बाबा के शूटरों ने इंस्टाग्राम पर लहराए हथियार

नई दिल्ली , (वीअ)। दिल्ली गैंगस्टर हाशिम उर्फ बाबा गिरोह के दो शूटर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों जामा मस्जिद इलाके में जान से मारने की धमकी और आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित थे। दोनों बदमाश, इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ रील्स और वीडियो डालकर लोगों में खौफ पैदा कर रहे थे। इनके कब्जे से पुलिस ने एक सेमी आटोमैटिक पिस्टल, एक कट्टा व चार कारतूस बरामद किए गए हैं। इनपर 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। उपायुक्त क्राइम ब्रांच संजीव कुमार यादव के मुताबिक गिररफ्तार किए गए बदमाशों के नाम अतहर मिर्जा और अब्दुल अहद है। दोनों बदमाश दरियागंज के रहने वाले हैं। अतहर ने 15 साल की उम्र में पहली बार चाकूबाजी की थी। 2023 में उसने एक युवक पर गोली चला दी थी और 2024 में शादी समारोह के दौरान भी फायरिंग की थी। जेल में रहने के दौरान वह हाशिम गिरोह के गुर्गों के संपर्क में आया और जेल से बाहर आते ही उसने रंगदारी और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग शुरू कर दी थी। वह वारदातों के वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करता था ताकि इलाके में उसकी दहशत बन सके। इसका बड़ा और छोटा भाई भी लूट और हत्या के मामलों में पहले से जेल में बंद हैं।

एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुए 9 केस

सोनीपत (राजेश आहूजा)। अप्रैल माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत नौ केस दर्ज किए गए व 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 7.40 ग्राम चरस, 142.46 ग्राम हिरोइन, 583.99 ग्राम गांजा व 1.579 किलो अफीम पकड़ी गई। यह जानकारी दी अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने। वे बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित एनकोर्ड बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें व नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

अल फलाह के संस्थापक के खिलाफ 46 करोड़ रुपए की जमीन कब्जाने के मामले में आरोप पत्र दायर

नई दिल्ली , (वीअ)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 46 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन के कथित "फर्जी" अधिग्रहण से जुड़े धनशोधन के मामले में अल-फलाह विश्वविद्यालय के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी और तीन अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। यह विश्वविद्यालय पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद "सफेदपोश आतंकवादे के खिलाफ हुई जांच के दायरे में आया था। विस्फोट में 15 लोगों की मौत हुई थी। ईडी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि सिद्दीकी, उनके द्वारा प्रवर्तित तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन और विनोद कुमार तथा श्रीओम चौहान नामक दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ साकेत स्थित विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में अभियोजन शिकायत दायर की गई है। ईडी ने कथित फर्जी भूमि अधिग्रहण मामले में सिद्दीकी, कुमार और चौहान को गिरफ्तार भी किया था।

एजेंसी ने बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की गई थी। यह प्राथमिकी दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर में स्थित जमीन के कथित फर्जी अधिग्रहण से संबंधित थीं, जिसमें कथित तौर पर जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज, सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (जीपीए) और अन्य स्वामित्व पत्र इस्तेमाल किए गए थे। जांच एजेंसी के अनुसार, जिन जीपीए के आधार पर जमीन तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन को सौंपी गई थी, वे 7 जनवरी 2004 की तारीख के थे। हालांकि जांच में पता चला कि कई मूल भूमि मालिकों की मृत्यु 2004 से कई दशक पहले ही हो चुकी थी। एजेंसी ने कहा, "जांच के दौरान पता चला कि आरोपी जवाद अहमद सिद्दीकी और अन्य लोगों ने मूल जमीन मालिकों के हस्ताक्षर और अंगूठे के जाली निशान बनाकर जमीन पर अवैध कब्जा करने की साजिश रची"।

आईपीएल सट्टेबाजी : ईडी ने असम और दिल्ली में रात भर तलाशी अभियान चलाया

नई दिल्ली , (वीअ)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने अवैध आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत असम और दिल्ली में कई स्थानों पर रात भर तलाशी अभियान संचालित किया।

संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत असम के गुवाहाटी और तिनसुकिया तथा नयी दिल्ली में 26 मई की देर रात तलाशी अभियान चलाया गया और यह अभियान रात भर जारी रहा।

यह जांच गुवाहाटी के अपराध शाखा पुलिस थाने द्वारा दीपेश बाजोरिया, रौनक बाजोरिया, राजेश जैन और अन्य के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और असम खेल एवं सट्टेबाजी अधिनियम, 1970 के तहत दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। ईडी ने कहा कि बाद में उसने तिनसुकिया पुलिस थाने में दर्ज दो अतिरिक्त प्राथमिकियों को शामिल करके जांच का दायरा बढ़ाया, जो इसी तरह के आईपीएल सट्टेबाजी के संचालन से जुड़े अन्य आरोपियों के खिलाफ थीं, जिन्हें कथित तौर पर "आपस में जुड़े सिंडिकेटै द्वारा चलाया जा रहा था।

एजेंसी के अनुसार, आरोपी आईपीएल क्रिकेट मैचों को लेकर अवैध सट्टेबाजी रैकेट चला रहे थे।

पहली बार बिग क्रिकेट लीग की मेजबानी करेगा ग्रेटर नोएडा

वीर अर्जुन संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। पहली बार बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के क्रिकेट ग्राउंड में होने जा रहा है। शिखर धवन, हरभजन सिंह, क्रिस गेल, रॉस टेलर, थिसारा परेरा और तिलकरत्ने दिलशान सरीखे अंतर्राष्ट्रीय और आपके चहेते खिलाड़ी इस ग्राउंड में चैके-छक्के लगाएंगे। बिग क्रिकेट लीग के सीजन-टू का आगाज 3 जून को होगा और 13 जून तक चलेगा। सभी मैचों के लिए स्टेडियम में प्रवेश निशुल्क रहेगा। इस मैच के आयोजन के लिए क्रिकेट ग्राउंड और आसपास सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। ग्रेटर

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सभी संबंधित विभागों की बैठक कर तैयारियों को प्राथमिकता पर तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस आयोजन के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा है।

बिग क्रिकेट लीग के मुख्य संरक्षक पुनीत सिंह ने बताया कि आनलाइन ट्रैवेल टेक कंपनी ईज माई ट्रिप के सहयोग से आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में छह फ्रेंचाइजी टीमें टी-20 फॉर्मेट में 18 मुकाबले खेलेंगी।

इसकी मौजूदा चैंपियन मुंबई मरींस है। इसकी खास बात यह है कि देशभर से चुने गए शौकिया तौर पर 60 क्रिकेटरों को इन दिग्गज खिलाड़ियों के साथ स्टेडियम में खेलने का अवसर मिलेगा। इनके साथ पूर्व आईपीएल खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

सोनीपत में अब मिलेंगी बीएमटी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं

सोनीपत (राजेश आहूजा)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारका ने आज सोनीपत स्थित सक्सेना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशेष बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन (बीएमटी) और मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की।

इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बीएमटी एवं हेमेटो ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. प्रतिभा धीमान और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. शाइना गोयल की उपस्थिति में किया गया।

डॉ. शाइना गोयल प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार और डॉ. प्रतिभा धीमान प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक सक्सेना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत में मरीजों के लिए प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। लॉन्च के दौरान डॉ. प्रतिभा धीमान ने बताया ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर की समय पर पहचान बेहद जरूरी है।

वेलकम में बदले की भावना से की गई हत्या,दो गिरफ्तार

नई दिल्ली , (वीअ)। दिल्ली पुलिस ने उत्तरपूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में 22 वर्षीय एक युवक की प्रतिशोध के कारण गोली मारकर हत्या करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना 19 और 20 मई की दरमियानी रात के दौरान हुई, जब पुलिस को श्याम लाल कॉलेज के पास गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि मौजपुर के रहने वाले घायल अमानुल्लाह कुरैशी को उसके परिजन जीटीबी अस्पताल ले गए थे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सबूत एकत्र किए जिसके बाद वेलकम थाने में भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान सैफी उर्फ अब्दुल (27) और अमीर आलम (22) के रूप में हुई है। दोनों उत्तर प्रदेश के मथुरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अपने साथियों के बारे में भी जानकारी दी।

न्यायालय ने लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में बस चालक को दोषमुक्त किया

नई दिल्ली , (विसं)। उच्चतम न्यायालय ने 2011 में एक महिला की मौत के मामले में लापरवाही और तेज गति से गाड़ी चलाने के दोषी बस चालक को बुधवार को बरी कर दिया।न्यायालय ने कहा कि चालक ने कंडक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए ही गाड़ी चलाई और रोकी। न्यायालय ने कहा कि कंडक्टर सीटी बजाकर चालक को संकेत देता है जबकि चालक से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वह पीछे मुड़कर देखे कि यात्री बस से उतर चुके हैं या नहीं।

महिला की मौत बस से उतरते समय गिरने से हुई थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा कि महिला फिसल गई होगी क्योंकि बस से उतरते समय उसने शायद सावधानी नहीं बरती थीं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि जब वह, उसकी भाभी और मां बस से उतर रहे थे, तब चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था।

उच्चतम न्यायालय कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम में चालक द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा था।अपील में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304ए के तहत दी गई उसे छह महीने की साधारण कारावास की सजा को बरकरार रखा गया था। न्यायालय ने कहा कि चालक ने कंडक्टर के निर्देशों का पालन किया और लापरवाही के आरोप से बरी होने का हकदार है।

मेकअप आर्टिस्ट ने की खुदकुशी

नई दिल्ली , (वीअ)। पश्चिमी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 25 वर्षीय एक महिला मेकअप आर्टिस्ट ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें मृतका ने एक परिचित व्यक्ति पर आरोप लगाए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि निहाल विहार थाने में 26 मई को दोपहर करीब सवा दो बजे इस घटना के संबंध में पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) पर एक कॉल आई थी।पुलिस के मुताबिक, महिला अपने एक दोस्त के कमरे में फंदे से लटकी पाई गई थी। उसे तुरंत बालाजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फैशन एवं अपैरल सेक्टर में प्रशिक्षित युवाओं की मांग को पूरा करेगा एटीडीसी : ललित ठुकराल

वीर अर्जुन संवाददाता

नोएडा। अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर , सेक्टर-24, नोएडा में ''ग्रेट करियर्स बिगिन हियर'' थीम के तहत आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षा एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गौतमबुद्धनगर के डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्री पंकज निर्वान रहे।

उन्होंने युवाओं को स्किल आधारित शिक्षा एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा एटीडीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को एईपीसी के नॉर्दर्न

रीजनल हेड एवं एटीडीसी-नोएडा के कन्वेनर ललित ठुकराल ने संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को फैशन एवं अपैरल इंडस्ट्री में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए एटीडीसी द्वारा संचालित विभिन्न प्रोफेशनल एवं स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि एटीडीसी में वर्तमान सत्र के लिए कई रोजगारपरक एवं इंडस्ट्री आधारित कोर्सेज में एडमिशन शुरू हो चुके हैं। प्रमुख कोर्सेज में बीवॉक अपेरल मैन्युफैक्चरिंग एंड एंटरप्रेन्योरशिप, बीवॉक फैशन डिजाइन एंड रिटेल, अपेरल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, और फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी जैसे प्रोफेशनल कोर्स शामिल हैं।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि–2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:–

04048/04047 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस — 2 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04048 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04047 आगमन	प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:40	---	हावड़ा जं.	---	01:40

चलने के दिन: 04048 नई दिल्ली से दिनांक 28.05.2026 (गुरूवार) को और 04047 हावड़ा जं. से दिनांक 30.05.2026 (शनिवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला, गोविंदपुरी, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैण्डेल स्टेशन।

04050/04049 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस — 2 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04050 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04049 आगमन	प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:40	---	हावड़ा जं.	---	01:40

चलने के दिन:– 04050 नई दिल्ली से दिनांक 30.05.2026 (शनिवार) को और 04049 हावड़ा जं. से दिनांक 01.06.2026 (सोमवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला, गोविंदपुरी, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैण्डेल स्टेशन।

04464/04463 नई दिल्ली – दरभंगा जं. – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस — 2 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04464 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04463 आगमन	प्रस्थान
---	11:00	नई दिल्ली	17:15	---
13:30	---	दरभंगा जं.	---	16:30

चलने के दिन:– 04464 नई दिल्ली से दिनांक 29.05.2026 (शुक्रवार) को और 04463 दरभंगा जं. से दिनांक 30.05.2026 (शनिवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : टूण्डला, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी और समस्तीपुर स्टेशन।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1799/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड

CIN: L26102DL1984PLC019542
पंजीकृत कार्यालय: ए–2/10, प्रथम तल, डब्ल्यूएचएस डीडीए मार्बल मार्केट, कीर्ति नगर, नई दिल्ली, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली–110015 फोन (011) 49454900,
कॉर्पोरेट कार्यालय: तीसरा एवं ग्यारहवां तल, टॉवर–डी ग्लोबल बिजनैस पार्क, महरौली–गुड़गांव रोड, गुड़गांव–122002 (हरियाणा)
फोन (0124) 4062212–19 फैक्स (0124) 4062244/88
Email: investorrelations@aisglass.com; वेबसाइट: www.aisglass.com

31 मार्च, 2026 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणाम

(रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 31.03.2026 लेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 लेखापरीक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2025 लेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2025 लेखापरीक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय	1,36,298	5,03,103	1,18,864	4,62,647
2	अवधि के लिए निवल लाभ (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व)	17,937	47,053	12,432	48,094
3	कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	17,962	45,879	12,432	51,277
4	कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	13,261	34,506	9,154	36,730
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल]	13,251	34,642	8,825	35,996
6	इक्विटी शेयर पूंजी	2,549	2,549	2,431	2,431
7	आरक्षित (पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र मे दर्शाये गये पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	2,64,469			
8	प्रति शेयर अर्जन (रु. 1/– प्रत्येक) (चालू एवं बंद प्रचालनों के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं)				
	क) मूल	5.20	13.82	3.80	15.27
	ख) तनुकृत	5.20	13.82	3.80	15.27

31 मार्च, 2026 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वर्ष के लिए मुख्य एकल वित्तीय जानकारी

(रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 31.03.2026 लेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 लेखापरीक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2025 लेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2025 लेखापरीक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय	1,28,208	4,71,978	1,11,548	4,34,782
2	कर पूर्व लाभ	17,470	44,859	12,279	52,743
3	कर पश्चात लाभ	12,591	32,994	9,138	38,910

1. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई एवं एनएसई की वेबसाइट क्रमश www.bseindia.com एवं www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.aisglass.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की 26 मई, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 27 मई, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है।
3. कम्पनी के वित्तीय परिणामों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित उसके अधीन बनाए गए नियमों और भारत में सामान्यता स्वीकार्य अन्य लेखाकरण सिद्धांतों के अंतर्गत निर्धारित इंड एएस 34 अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग में मान्यताप्राप्त एवं मापक सिद्धांतों के अधीन कम्पनी (भारतीय लेखाकरण मानक) (संशोधन) नियम, 2016 द्वारा यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखाकरण मानक) (संशोधन) नियम, 2015 के अंतर्गत अधिसूचित भारतीय लेखाकरण मानक ("इंड एएस") के अनुरूप तैयार किया गया है।
4. कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अंकित मूल्य रु. 1/– प्रत्येक के रु. 2/– प्रति इक्विटी शेयर लाभांश की अनुशंसा की है। भुगतान कंपनी की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।
5. असाधारण मदों में निम्नलिखित शामिल हैं – (i) रु. 720 लाख की राशि कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के बाद के सेवा शुल्क का प्रतिनिधित्व करती है, जो कि परिभाषित लाभ योजना के अंतर्गत आता है। यह शुल्क कई मौजूदा श्रम कानूनों को मिलाकर चार श्रम संहिताओं के एक एकीकृत ढांचे में शामिल करने के परिणामस्वरूप लगाया गया है जिन्हें सामूहिक रूप से 'नई श्रम संहिताएं' कहा जाता है। चूंकि यह प्रभाव नियामक परिवर्तन के कारण है और इसकी प्रकृति अनियमित है इसलिए इसे 'असाधारण मद' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। कंपनी नई श्रम संहिताओं से संबंधित घटनाक्रमों पर निरंतर नजर रखेगी और आगे के स्पष्टीकरण और नियमों के अधिसूचित होने पर अनुमानों की समीक्षा करेगी। (ii) 3 सहायक कंपनियों और एक शेष सहायक कंपनी के बीच विलय का खर्च रु. 454 लाख।
6. कंपनी की चार सहायक कंपनियों नामतः एआईएस ग्लास सॉल्यूशंस लिमिटेड, जीएक्स ग्लास सेल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड, एआईएस डिस्ट्रीब्यूशन सर्विसेज लिमिटेड और एआईएस एडहेसिव्स लिमिटेड ने एनसीएलटी के समक्ष एक 'कम्पोजिट स्कीम ऑफ अरेंजमेंट'' दायर की थी ताकि उनका विलय एक बची हुई इकाई एआईएस ग्लास सॉल्यूशंस लिमिटेड जिसे अब एआईएस कंज्यूमर ग्लास सॉल्यूशंस लिमिटेड कहा जाता है के साथ हो सके। इसे मंजूरी मिल गई है और यह विलय 01 जुलाई, 2025 से प्रभावी हो गया है। इसके साथ ही ट्रांसफरी कंपनी में पूंजी कटौती भी प्रभावी हो गई है। उपरोक्त विलय और पूंजी कटौती के प्रभाव को कंपनी के एकल और समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है।

स्थान: गुरूग्राम
तिथि: 27 मई, 2026

कंपनी की वेबसाइट पर परिणाम देखने के लिए उपरोक्त क्यूआर कोड स्कैन करें

कृते निदेशक मंडल की ओर से
संजय लाबरू
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक